संख्या- 14/2017/522/78-1-2017-59आई0टी0/2015

प्रेषक,

राहुल भटनागर,
मुख्य सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

1- समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।
2- समस्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक, उत्तर प्रदेश।

आई.टी. एवं इलेक्टानिक्स अनुभाग-1 लखनऊ: दिनांक: 07 जून, 2017

विषयः मोबाइल टावर्स के 24x7 संचालन हेतु सुरक्षा सुनिश्चित कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

शासन के संज्ञान में आया है कि मोबाइल टावर्स के संचालन और उनके अनुरक्षण में स्थानीय असामाजिक तत्वों द्वारा दिन-प्रतिदिन समस्यायें उत्पन्न की जा रही हैं, जिसके कारण मोबाइल टावर्स स्थापित/संचालित करने वाली कम्पनियों को टावर्स के 24X7 संचालन में अत्यन्त कठिनाई हो रही है।

2- वर्तमान में मोबाइल एक अपरिहार्य आवश्यकता है। प्रदेश में लगभग 11 करोड़ मोबाइल उपभोक्ता हैं तथा प्रदेश में लगभग 47,000 मोबाइल टावर्स वर्तमान में कार्यरत हैं जोकि एक वृहद इन्फ्रास्ट्रक्चर है, और उनके संचालन में मोबाइल कम्पनियों को आवश्यक सहयोग और सुरक्षा प्रदान किया जाना आवश्यक है।

3- अतः यह सुनिश्चित करायें कि स्थानीय असामाजिक तत्वों द्वारा उत्पन्न की गई समस्याओं के कारण किसी भी दशा में मोबाइल टावर्स का संचालन बन्द न हो, और उस क्षेत्र में मोबाइल कनेक्टिविटी प्रभावित न हो। स्थानीय असामाजिक तत्वों को इस आशय का स्पष्ट संदेश दे दिया जाये कि अन्यथा स्थिति में उनके विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की जायेगी।

कृपया इस सम्बन्ध में मोबाइल कम्पनियों से प्राप्त शिकायतों पर त्वरित प्रभावी कार्यवाही भी सुनिश्चित करें।

भवदीय,

(राहुल भटनागर)
मुख्य सचिव।

संख्या-**14/2017/**522(1)/78-1-2017 तद्दिनांक

उपर्युक्त की प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1- निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव, गृह विभाग, उ0प्र0 शासन।
2- निजी सचिव, अपर प्रमुख सचिव, आई0टी0 एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग, उ0प्र0 शासन।
3- निजी सचिव, विशेष सचिव, आई0टी0 एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग, उ0प्र0 शासन।
4- TIPA, 2nd & 3rd तल, 7 भाई वीरसिंह मार्ग, गोल मार्केट, नई दिल्ली।
5- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(जी0एस0 नवीन कुमार)
विशेष सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in